राष्ट्रीय महिला आयोग

15 दिसम्बर,2023 को आयोजित आयोग की *विशेष बैठक* का कार्यवृत्त

उपस्थित:

1.	सुश्री. रेखा शर्मा	-	अध्यक्ष
2.	सुश्री. डेलिना खोंदुप	-	सदस्य
3.	सुश्री. ममता कुमारी	-	सदस्य
4.	सुश्री. मीनाक्षी नेगी	-	सदस्य सचिव

उपस्थित अन्य सदस्य:

1.	श्री. ए. अशोली चलाई	-	संयुक्त सचिव
2.	डॉ. शिवानी दे	-	उप सचिव

प्रारंभ में, सदस्य सचिव ने आयोग की 233वीं बैठक में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा, सदस्यों, अधिकारियों एवं प्राधिकारियों का स्वागत किया।

प्रत्येक मद पर निम्नानुसार निर्णय लिए गए:-

1. **कार्यसूची मद सं. 1**

   विषय: गुजरात के भुज जिले में आयोजित *रण-कच्छ उत्सव-2023-24* में प्रतिभागिता

   आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

   i) *रण-कच्छ उत्सव-2023-24* में प्रतिभागिता और

   ii) आयोग के स्टॉल की स्थापना, उत्सव में पोस्टर, बैनर, पैम्फलेट, एलईडी स्क्रीन की लागत और रा.म.आ के अधिकारियों के यात्रा व्यय, आवास और बोर्डिंग आदि के लिए लगभग रु.7,00,000/- (रुपये सात लाख केवल) के खर्च हेतु प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय की स्वीकृति। भुगतान कोडल औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद किया जाएगा।

2. **कार्यसूची मद सं. 2**

   विषय: 31 जनवरी 2024 को रा.म.आ के स्थापना-दिवस उत्सव का आयोजन

   31 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और रुपये 1,02,57,204/- (रुपये एक करोड़ दो लाख सत्तावन हजार दो सौ चार मात्र) के अस्थायी बजट को मंजूरी दी।

3. **कार्यसूची मद सं. 3**

विषय: 5 जनवरी, 2024 को संसद भवन, नई दिल्ली में "शी इज़ ए चेंजमेकर" कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम और एक नए क्षमता निर्माण कार्यक्रम "न्यू होराइजन(नए-क्षितिज)- ग्रामीण योजना के लिए भू-स्थानिक प्रशिक्षण" का शुभारंभ।

आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और प्रधान रूप से निम्नलिखित हेतु मंजूरी दी:-

i) 5 जनवरी, 2024 को संसद भवन, नई दिल्ली में "शी इज़ ए चेंजमेकर" के तहत प्रशिक्षित 500 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन करना।.

ii) 5 जनवरी, 2024 को संसद भवन, नई दिल्ली में एक नए क्षमता निर्माण कार्यक्रम "न्यू होराइजन(नए-क्षितिज)-ग्रामीण नियोजन के लिए भू-स्थानिक प्रशिक्षण" का शुभारंभ

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

हस्ता.	हस्ता.
मीनाक्षी नेगी **सदस्य सचिव**	**रेखा शर्मा** **अध्यक्ष**